# शारीरिक शिक्षा में स्नातक

# Bachelor of Physical Education

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर (उ0प्र0)

**Siddharth University, Kapilvastu, Siddharth Nagar (U.P.)**

बी0पी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2025

**B.P.Ed. Admission Test-2025**

## आवेदन विवरणिका एवं प्रवेश निर्देशिका 2025

ऑनलाइन आवेदन शुल्क

| | |
|---|---|
| अ) सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग | : ₹1500.00 |
| ब) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग | : ₹1000.00 |

## B.P.Ed. Admission Test-2025

# बी0पी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2025

| | | |
|---|---|---|
| ऑन–लाइन आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | : | 15 सितम्बर, 2025 तक |
| प्रवेश परीक्षा की तिथि | : | 28 सितम्बर 2025 (यदि आवश्यक हुई तब) |
| परीक्षा केन्द्र | : | कला संकाय भवन, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर |

## आवश्यक निर्देश

1. ऑन लाईन आवेदन करने की अवधि 05 सितम्बर, 2025 से 15 सितम्बर, 2025 है।
2. आवेदन पत्र वि0वि0 की वेबसाइट **www.suksn.edu.in** पर भरना होगा।
3. ऑन–लाइन आवेदन शुल्क जमा करने के एक कार्यदिवस उपरान्त ही आवेदन भरा जायेगा।
4. अभ्यर्थी ऑन–लाइन आवेदन पत्र का reference number, email-id, मोबाइल नम्बर एवं डाउनलोडेड आवेदन पत्र अपने पास भविष्य में संदर्भ हेतु सुरक्षित रखें।
5. अधिप्रतिनिधित्व (वेटेज प्रमाणपत्र यथा दिव्यांग, भूतपूर्व, सैनिक/स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रित आदि) प्रमाण–पत्र प्रवेश के समय के साथ सत्यापित किये जायेंगे।
6. अभ्यर्थी केवल एक ही प्रकार के क्षैतिज आरक्षित वर्ग का अधिकारी होगा। यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक आरक्षित वर्ग का चयन किया है तो विश्वविद्यालय को अपने विवेक द्वारा एक को छोड़कर शेष को निरस्त करने का अधिकार होगा।
7. यदि किसी अभ्यर्थी ने जालसाजी करके या अन्य अवैध तरीके से फर्जी प्रमाणपत्र देकर किसी सुविधा को प्राप्त करने का प्रयास किया या लाभ लेकर विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तो वि0वि0 को उसके आवेदन पत्र, परीक्षा या प्रवेश को निरस्त करने एवं उसके विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही करने का पूरा अधिकार होगा।
8. अभ्यर्थी द्वारा आवेदनपत्र पूरित करते समय आरक्षण के अन्तर्गत अपने संवर्ग का चयन ध्यानपूर्वक करना होगा। एक बार चयन करने के पश्चात् किसी भी दशा में उसमें परिवर्तन किया जाना संभव नहीं होगा।
9. विश्वविद्यालय द्वारा घोषित प्रवेश परीक्षा का परिणाम अंतिम होगा। पुनर्मूल्यांकन का कोई प्राविधान नहीं है।
10. विशेष परिस्थिति में विश्वविद्यालय को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये किसी भी आवेदक को प्रवेश न दे और किसी भी समय प्रवेश के नियमों में परिवर्तन अथवा संशोधन कर सके।
11. स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रवेश में उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, संख्या 1191/70–2–2010(58)/79 दिनांक 11 जून, 2010 के अधिसूचना आदेश के अनुसार अभ्यर्थियों को प्रवेश में आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी।

# बी.पी.एड. सत्र 2025–2026 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सामान्य निर्देश

अवधि– शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बी. पी. एड.) कार्यक्रम एक व्यावसायिक कार्यक्रम है जो दो शैक्षिक सत्रों की अवधि के लिए होगा।

पात्रता– 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और कम से कम एआईयू/आईओए/एसजीएफआई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल कूद में अन्तर कालेज/अन्तर क्षेत्रीय /जिला /स्कूल प्रतियोगिता में भागीदारी की हो।

**अथवा**

45 प्रतिशत अंकों के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक डिग्री।

**अथवा**

45 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री तथा एक अनिवार्य विषय/ वैकल्पिक विषय के रूप में शारीरिक शिक्षा का अध्ययन किया हो।

**अथवा**

45 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और राष्ट्रीय/अन्तर–विश्वविद्यालय/राज्य प्रतियोगिता में भाग लिया हो अथवा एआईयू/आईओए/एसजीएफआई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल–कूद में अन्तर–कालेज/अन्तर–क्षेत्रीय /जिला /स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

**अथवा**

अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के साथ स्नातक डिग्री अथवा संबंधित संघों/एआईयू/आईओए/एसजीएफआई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल–कूद में राष्ट्रीय/अन्तर–विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

**अथवा**

45 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और कम से कम तीन वर्ष का शिक्षण अनुभव (प्रतिनियुक्त सेवाकालीन उम्मीदवारों के लिए, अर्थात प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक/कोच)

नोट –01. बी.पी.एड. पाठ्यक्रम की पात्रता में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की श्रेणी के अभ्यर्थियों को 05 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

02. बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति/आवेदक एवं गर्भवती महिलाएँ अर्ह नहीं होंगे।

03. **बी0पी0एड0 हेतु कुल निर्धारित स्थान (सीट) के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा केवल शारीरिक स्वस्थता परीक्षण में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट बनाकर प्रवेश प्रक्रिया (काउंसिलिंग) सम्पन्न कराई जाएगी।**

04. **बी0पी0एड0 में प्रवेश हेतु ऑन लाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थी ही अर्ह होंगे। महाविद्यालयों को सीधा प्रवेश लेने की अनुमति नहीं है।**

आरक्षण– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) व अन्य श्रेणियों के लिए सीटों का आरक्षण केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार नियमों के अनुसार होगा।

## परीक्षा केन्द्र

**कला संकाय भवन, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर केन्द्र पर होगी।**

प्रवेश परीक्षा–बी. पी. एड. प्रवेश परीक्षा कुल दो चरणों (50 अंकों की लिखित एवं 50 अंकों की शारीरिक स्वस्थता परीक्षण) में सम्पन्न होगी। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा के दोनो चरणों में सम्मलित होना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा में कुल 50 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। **प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए 01 अंक देय होगा एवं गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की कटौती होगी।** शारीरिक स्वस्थता परीक्षण मे 10–10 अंको के कुल 05 आईटम (600 मी. दौड़, 50 मी. तेज दौड़, 4X10 मी. शटल दौड़, मेडिसन बाल थ्रो एवं स्टेडिंग ब्राड जम्प) में प्रतिभाग करना होगा।

लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम– भारतीय खिलाड़ी एवं उनकी उपलब्धियाँ, ओलम्पिक इतिहास, भारतीय खेल इतिहास (ओलम्पिक खेल, एशियाई खेल एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं), एकल एवं सामूहिक खेल, खेल मैदान एवं खेल उपकरण, खेल कौशल एवं खेल पुरस्कार, योग एवं शारीरिक शिक्षा, तर्क शक्ति, सामान्य अध्ययन एवं सामान्य जागरूकता, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय घटना चक्र।

## सीटों की उपलब्धता

| | संस्थान का नाम | सीटों की संख्या | प्रकृति |
|---|---|---|---|
| 1 | पं0 सूर्यनारायण चतुर्वेदी महाविद्यालय, नाथनगर, संतकबीर नगर | 50 सीट | स्ववित्त पोषित |
| 2 | जी0पी0एस0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद, संतकबीर नगर | 50 सीट | स्ववित्त पोषित |
| 3 | प्रभा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद, संतकबीर नगर। | 50 सीट | स्ववित्त पोषित |
| 4 | बाबा पर्वत नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, परवता विश्वनाथपुर, संतकबीर नगर | 50 सीट | स्ववित्त पोषित |
| 5 | पं0 अम्बिका प्रताप नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डुमरी, हरिहरपुर, संतकबीर नगर। | 50 सीट | स्ववित्त पोषित |
| 6 | जवाहर लाल नेहरू पी0जी0 कालेज, महराजगंज। | 100 सीट | स्ववित्त पोषित |
| 7 | शिवशंकर चतुर्वेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सन्तकबीर नगर। | 50 सीट | स्ववित्त पोषित |